सं.ई-11011/27/2021/हिन्दी(रा.भा.का.स.)/1304

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

906(द.), सेवा भवन

रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली - 66

दिनांक: 28 जुलाई, 2021

**विषय: अध्यक्ष, के.ज.आ. की अध्यक्षता में केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29 जून, 2021 को आयोजित 144वीं बैठक का कार्यवृत्त और इसमें लिए गए निर्णयों पर समयबद्ध अनुवर्ती कारवाई करने के संबंध में। (Minutes of the 144th Meeting of Official Language Implementation Committee of Central Water Commission (Headquarters) held on 29 June, 2021 and time-bound action on decisions taken therein-reg.)**

**महोदय/महोदया,**

अध्यक्ष, के.ज.आ. की अध्यक्षता में दिनांक 29 जून, 2021 को अपराह्न 3.00 बजे आयोजित केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं बैठक का कार्यवृत्त आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

अनुरोध है कि उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) को अवगत करवाया जाए।

<u>संलग्नक</u> : यथोक्त

भवदीया,

विनय कुमार मिश्र 28/07/2021
कृते

**(रजिन्दर पाल)**

उप निदेशक (राजभाषा)

दूरभाष सं: 29583720

1. समिति के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. सभी मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय जल आयोग।
3. सभी समन्वय निदेशालय / अनुभाग अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग।
4. निदेशक (रा.भा.), जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, श्रमशक्ति भवन, नई दिल्ली।

**केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29.06.2021 को अपराह्न 3.00 बजे आयोजित 144वीं बैठक का कार्यवृत्त**

अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में, केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं बैठक दिनांक 29.06.2021 को अपराह्न 3.00 बजे आयोजित की गई।

अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं बैठक है। इस बैठक में पिछली तिमाही से इस तिमाही में हुई प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा एवं विश्लेषण किया जाएगा और देखेंगे कि इस तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में कितनी वृद्धि हुई है। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने दैनिक सरकारी कार्य में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना है ताकि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

इसके बाद संयुक्त सचिव महोदय ने उप निदेशक (रा.भा.) से मदवार कार्रवाई शुरू करने के लिए कहा।

सदस्य सचिव ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि दिनांक 15.03.2021 को आयोजित पिछली बैठक का कार्यवृत्त 20.04.2021 के पत्र द्वारा सभी सदस्यों और अनुभागों को परिचालित कर दिए गए थे। इस संबंध में इस पर कहीं से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। अत: कार्यवृत्त की पुष्टि की जा सकती है। समिति के सदस्यों की सहमति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

समिति के उपस्थित सदस्यों की सूची अनुबंध 'क' पर संलग्न है।

उक्त बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात लिए गए निर्णय निम्नानुसार हैः-

1. पिछली बैठक में केंद्रीय जल आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए


7/28/2021, 2:43 PM

10 कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के पदों के रिवाइवल/सृजन करने के संबंध में स्थापना-7 अनुभाग ने सूचित किया था कि यह मामला वर्तमान में मंत्रालय के विचाराधीन है। इस पर सदस्य, जल योजना एवं परियोजना ने पूछा कि केंद्रीय जल आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी अनुवादक के कितने स्वीकृत पद हैं। इस पर संयुक्त सचिव महोदय ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी के कुल 12 स्वीकृत पद थे जिसमें से 08 पद एबॉलिश कर दिए गए हैं तथा वर्तमान में 04 पद स्वीकृत हैं जिसमें से 02 पद भरे हैं और 02 रिक्त पड़े हैं जिसके लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को पद भरने हेतु अनुरोध (रीक्वीजीशन) भेजा गया है। एनडब्ल्यूए, के.ज.आ., पुणे तथा प्रबोधन (दक्षिण), के.ज.आ., बैंगलुरू के लिए 02 और कनिष्ठ अनुवादकों के पद सृजित करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रकार कुल 10 कनिष्ठ अनुवादकों के पदों को रिवाइवल/सृजन करने का प्रस्ताव मंत्रालय के पास विचाराधीन है। अध्यक्ष महोदय ने इस मामले को अनुवर्तन (फालोअप) करने के लिए कहा।

**(कार्रवाईः स्थापना-7 अनुभाग)**

2. सदस्य सचिव ने बताया कि पिछली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों के अनुरूप सभी उप सचिव एवं उसके ऊपर के स्तर के अधिकारियों को अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लिए तकनीकी सुविधा सहित वॉयस टूल उपकरण उपलब्ध कराया जाए ताकि अधिकारी हिंदी में आसानी से कार्य कर सकें। इस संबंध में उप निदेशक (एसएमडी) ने बताया था कि फंड उपलब्ध न होने तथा कोविड-19 से उत्पन्न स्थिति के कारण इस उपकरण की खरीद में विलंब हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी दो माह में उपकरण की खरीद व वितरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा जिस पर अध्यक्ष महोदय ने इसे पर शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाई करने का निदेश दिया।

**(कार्रवाईः एसएमडी निदेशालय / हिंदी अनुभाग)**

3. क्षेत्रीय कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए सदस्य सचिव ने बताया कि कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा हिंदी कार्यशाला व राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन नहीं किया गया

है वावजूद कि मुख्यालय के हिंदी अनुभाग ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला एवं बैठक आयोजित करने के लिए दिनांक 28.04.2021 को पत्र जारी किया था। इस पर अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला व बैठक नियमित रूप से आयोजित करने हेतु पुन: पत्र भेजने का निदेश दिया ।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग/सभी क्षेत्रीय कार्यालय)**

4. राजभाषा विभाग ने वर्ष 2021-22 का वार्षिक कार्यक्रम जारी कर दिया है जिसे केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 07.04.2021 को अपलोड कर दिया गया है और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु भी भेजा जा चुका है।

सदस्य सचिव ने वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए निर्धारित लक्ष्यों को सभी सदस्यों को पढ़कर सुनाया तथा इस पर चर्चा की। उन्होंने अनुरोध किया कि केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालय इन निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास करें।

**(कार्रवाईः के.ज.आ.(मुख्यालय)/सभी क्षेत्रीय कार्यालय)**

5. वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 में यह भी निर्धारित लक्ष्य है कि सभी मंत्रालय/विभाग द्वारा पुस्तकों की खरीद के लिए कुल राशि में से 50 प्रतिशत राशि हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय की जाए। सदस्य सचिव ने बताया कि केंद्रीय जल आयोग में पुस्तकों की खरीद पर नियमानुसार व्यय किया जाता है तथा पिछले वर्ष भी 50 प्रतिशत राशि हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय किया गया था ।

चर्चा के दौरान सदस्य, जल आयोजना एवं परियोजना ने पूछा कि क्या पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों की सूची उपलब्ध है। इस पर संयुक्त सचिव महोदय ने बताया कि पुस्तकों की खरीद और सूची तैयार करने का कार्य पुस्तकालय एवं सूचना ब्यूरो द्वारा किया जाता है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग के पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों का विशाल भंडार है जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। उन्होंने निदेश दिया कि पुस्तकालय एवं सूचना ब्यूरो द्वारा

आयोग के पुस्तकालय में उपलब्ध समस्त हिंदी पुस्तकों की सूची को वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए ताकि आयोग के अधिकारी/कर्मचारी इनका लाभ उठा पाएं और इस प्रकार हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दे सकें।

**(कार्रवाईः पुस्तकालय एवं सूचना ब्यूरो/हिंदी अनुभाग)**

**अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।**

अनुबंध - 'क'

**अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 29 जून, 2021 को अपराह्न 3.00 बजे आयोजित 144वीं बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **नाम एवं पदनाम<br>सर्वश्री / श्रीमती / कुमारी** | |
|---|---|---|
| 1. | एस.के.हालदार, अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग | अध्यक्ष |
| 2. | राकेश कुमार गुप्ता, सदस्य, अभिकल्प एवं अनुसंधान स्कंध, के.ज.आ. | सदस्य |
| 3. | के.वोहरा, सदस्य, जल आयोजना एवं परियोजना स्कंध, के.ज.आ. | सदस्य |
| 4. | रंजन कुमार सिन्हा, सदस्य, नदी प्रबंध स्कंध, के.ज.आ. | सदस्य |
| 5. | मोती लाल, संयुक्त सचिव, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 6. | प्रवीण कुमार, सचिव, केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 7. | एस.के. राजन, निदेशक, तकनीकी समन्वय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 8. | दीपक कुमार, निदेशक, नदी प्रबंध समन्वय निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 9. | बी.बी. शईकीया, निदेशक, पीसीपी निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 10. | भूपिन्द्र सिंह, निदेशक, जल आयोजना, परियोजना (सम.) निदे., के.ज.आ. | सदस्य |
| 11. | ई.वेंकटेश्वर्लु, उप निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 12. | आर.के.शर्मा, उप निदेशक, अभिकल्प एवं अनुसंधान (सम.) निदे., के.ज.आ. | सदस्य |
| 13. | शिशिर कुमार नंदा, निदेशक, मा.सं.प्र., केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 14. | राहुल रणबीर सिंह, निदेशक, मा.सं.प्र., केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 15. | फहीम आब्दी, उप निदेशक, एसएमडी निदेशालय, केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 16. | वत्सला शर्मा, अनुभाग अधिकारी, स्था.8 अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 17. | रीटा अंगरीश, अनुभाग अधिकारी, स्था.10 अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 18. | रजिन्दर पाल, उप निदेशक (रा.भा.), केंद्रीय जल आयोग | सदस्य सचिव |
| | **अन्य सदस्य** | |
| 1. | छन्नू राम, निजी सचिव, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 2. | विनय कुमार मिश्र, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, के.ज.आ. | हिंदी अनुभाग |
| 3. | इंद्रा एस, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 4. | रोली श्रीवास्तव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी,हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 5. | पुनीत पाण्डेय, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |